पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

देश के विकास में इंजीनियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका

--- राज्यपाल

लखनऊः 13 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज डा0 राम मनोहर लोहिया विधि संस्थान में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के डिम्लोमा इंजीनियर्स संघ के 63वें महाविधेवशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में इंजीनियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे अपने घर से दूर रहकर जंगलांे और पहाड़ों में काम करते है। उन्होंने कहा कि चुनौती तो हर तरफ होती है, लेकिन इनसे निपटना भी एक कला है। सड़क, बिजली, पानी, आवास आदि के निर्माण में अभियन्ताओं का अहम योगदान है।

राज्यपाल ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता बेहतर रहे यह देखना इंजीनियर का कर्तव्य और धर्म है। उन्होंने कहा कि अभियन्ता ईमानदारी और समय से अपना काम गुणवत्ता के साथ पूरा करें। काम में देरी के कारण निर्माण की लागत भी बढ़ जाती है। समय पर काम करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों के अहम योगदान से ही हम आज मंगल पर पहूंचे हैं। उन्होंने कहा कि राजभवन और अन्य पुरानी इमारतें दो से चार सौ वर्ष पहले बनी हैं, फिर भी वे मजबूती के साथ खड़ी हुई हैं। लेकिन आज की इमारते सीमेन्ट व नई तकनीक से बन रही हैं परन्तु उनमें वह मजबूती नहीं है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार समाज का कैन्सर है, उसे समाप्त करने का प्रयास होना चाहिये। राज्यपाल ने अभियन्ताओं की उचित समस्याओं पर भी विचार करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रमुख अभियन्ता, इं0 आलोक कुमार विश्वनोई, आल इण्डिया डिप्लोमा फेडरेशन के अध्यक्ष, इं0 सतनाम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। राज्यपाल ने डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रकाशित स्मारिका ‘अरूणोदय’ का विमोचन भी किया।

अंजुम/ललित/राजभवन

DIPLOMA ENGINEERS ASSOCIATION
U.P. P.W.D.
63

डिप्लोमा इन्जीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग उ.प्र.
63 वां महाधिवेशन
श्री राम नाईक
राज्यपाल

63 वां
मुख्य अतिथि
परिचर्चा -सामाजिक
लो.नि.वि. उत्तर प्रदेश
U.P. P.W.D.
बसन्त
लखनऊ